# राजस्थान सरकार
# न्याय विभाग

————————

क्रमांक प.4(1) RajCOMP Project/Justice/2021 जयपुर, दिनांक

**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव,**
**अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर,**
**आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर,**
**सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, जयपुर।**

**विषय :–** पोर्टल में राज्य नोडल अधिकारी की सूचना समयबद्ध रूप से अद्यतन किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

प्रशासनिक विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया है कि LITES पोर्टल में विभिन्न विभागों के राज्य नोडल अधिकारियों से संबंधित जानकारी अद्यतन नहीं है। संबंधित अधिकारियों के स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति अथवा नवीन पदस्थापन के पश्चात भी पूर्व राज्य नोडल अधिकारी की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है।

अतः अनुरोध है कि विभाग द्वारा अपने राज्य नोडल अधिकारी (LITES) की जानकारी, यथा–नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, ई–मेल एवं अन्य संपर्क विवरण का नियमित रूप से सत्यापन करवाया जाए तथा राज्य नोडल अधिकारी के स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति अथवा नवीन नियुक्ति/पदस्थापन होने की स्थिति में LITES पोर्टल पर संबंधित सूचना तत्काल एवं समयबद्ध रूप से अद्यतन करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने का श्रम करें।

भवदीय

**अतिरिक्त मुख्य सचिव**
**न्याय विभाग**

RajKaj Ref No.:
23793360

Digitally signed by
BHASKAR SAWANT
Designation: Additional Chief Secretary To Government
Date: 2026-08-08 13:59:50 IST

v-1.0